

प्रिंस गिल से डरे अंग्रेज, इंग्लैंड के बुचर ने कहा- हमें उनका जवाब ढूंढना ही होगा


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, बुधवार 09 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082





पेज 07

**गुड न्यूज : झारखंड को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात**

## बोकारो सेक्टर-6 से तेलमचो तक बनेगी नई सड़क

**धनबाद सांसद ढुलू महतो के प्रयास से मिली सड़क निर्माण की स्वीकृति**

शुभम संदेश। धनबाद



झारखंड राज्य के बोकारो क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देते हुए भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को मंजूरी दी है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के अनुरोध पर बोकारो सेक्टर-6 (शास्त्री चौक) से तेलमाचो (NH-32) तक चार लेन सड़क के निर्माण को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है. यह सड़क करीब 5.965 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर कुल 62.2 करोड़ रुपये की लागत आएगी. यह परियोजना सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत की गई है. इस सड़क के निर्माण से बोकारो शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा मिलेगी, जिससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी. इस नई सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में आसानी होगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र में व्यापार और उद्योग को भी लाभ होगा. सांसद ढुल्लू महतो ने इस ऐतिहासिक मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का हृदय से आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लोगों के लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी और भविष्य में बोकारो को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी.



सांसद महतो ने कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को केंद्र और राज्य सरकार तक पहुँचाते रहेंगे.

## बाघमारा में फर्जी वंशावली के आधार पर बनाया आवासीय प्रमाण पत्र

- मुखिया समेत पांच को शो-कॉज

शुभम संदेश। कतरास

बाघमारा अंचल में फर्जी दस्तावेज के सहारे आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का एक और मामला सामने आया है. इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बेहराकूदर पंचायत के मुखिया, दो कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर को शो-कॉज किया है. इससे पहले फुलवारीटांड़ पंचायत में भी ऐसा ही फर्जीवाड़ा पकड़ा गया था. ताजा मामले में बेहराकूदर पंचायत के लेढ़ीडूमर गांव की पायल कुमारी, पति मोहन दास द्वारा फर्जी वंशावली के आधार पर आवासीय प्रमाण पत्र प्राप्त करने की शिकायत है. अंचल कार्यालय से आवासीय प्रमाण पत्र संख्या जेएएलआर




सीओ/2025/33546, दिनांक 16-01-2025 को पायल कुमारी को जारी किया गया है. जिस वंशावली को पायल ने कागजात के साथ संलग्न किया था, वह वंशावली बेहराकूदर पंचायत के मुखिया जालिम रजक द्वारा सत्यापित किया गया था.

**प्रतिद्वंद्वी आवेदिका ने की थी शिकायत :** बताया जाता है कि पायल कुमारी ने जनवरी 2025 में लेढ़ीडूमर गांव में आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए दो दिनों में आवासीय प्रमाण पत्र बनाया था. नियमानुसार मुखिया जालिम रजक ने वंशावली सत्यापित किया था. उसके आधार पर कर्मचारी सुदामा राम ने आवेदन को प्रभारी अंचल निरीक्षक बिनोद सिन्हा को अग्रसारित किया. दोनों के प्रतिवेदन के आधार पर अंचलाधिकारी ने प्रमाण पत्र जारी किया. उसके बाद पायल की प्रतिद्वंद्वी आवेदिका वहीं की लक्ष्मी कुमारी, पति सूरज राम ने इसकी शिकायत करते हुए जांच की मांग की. शिकायत में कहा गया था कि पायल कुमारी ने गलत दस्तावेज समर्पित किया था. उसके बाद अंचलाधिकारी ने जांच करायी, तो शिकायत सही पायी गयी. उसके बाद अंचलाधिकारी ने आवेदिका पायल कुमारी, मुखिया जालिम रजक, राजस्व कर्मचारी सुदामा राम, प्रभारी अंचल निरीक्षक बिनोद सिन्हा और कंप्यूटर ऑपरेटर सलिक कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है.

**ब्रीफ खबरें**

### डॉ आलोक बने धनबाद के सिविल सर्जन

**धनबाद।** डॉ आलोक विश्वकर्मा धनबाद के नए सिविल सर्जन बनाए गए हैं. इससे पहले डॉ विश्वकर्मा सदर अस्पताल जामताड़ा में उपाधीक्षक के पद पर पदस्थापित थे. वर्ष 2023 में भी वे धनबाद के सिविल सर्जन रहे हैं. वहीं धनबाद के निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन को रांची में जोनल मलेरिया पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस आशय की अधीसूचना जारी की है.

### घाघर वाटरफॉल में युवक की डूबने से मौत

**दुमका।** जिले में घाघर वाटरफॉल में मंगलवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान रूपांकर दत्ता के रूप में हुई है, जो बंगाल के बीरभूम जिले के नलहटी थाना क्षेत्र के चतरा गांव का था. रूपांकर अपने तीन दोस्तों साहिल योगेश गुप्ता और सरफराज के साथ घूमने के लिए घाघर वाटरफॉल आया था. सभी युवक दो बाइक पर सवार होकर यहां पहुंचे थे. दोपहर के समय सभी वाटरफॉल के निचले हिस्से में नहाने उतर गए. इस दौरान दोस्तों ने पानी में छलांग लगानी शुरू की, लेकिन रूपांकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे. उनकी चीख-पुकार सुनकर पास में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की.

### स्टेशन पर मोबाइल चोर रंगेहाथ पकड़ा गया

**धनबाद।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित आरपीएफ और सीआईबी के संयुक्त गश्ती दल ने धनबाद रेलवे स्टेशन के उत्तर दिशा स्थित टिकट काउंटर के पास से एक मोबाइल चोर को रंगे हाथ पकड़ा. अभियुक्त प्रिंस अंसारी (22 वर्ष) के कब्जे से यात्री श्रवण महतो का चोरी गया ओप्पो ए 15 स्मार्टफोन बरामद किया गया. प्रिंस भूली का रहने वाला है. श्रवण महतो (23 वर्ष, निवासी तुईमाँ, सुपुरडीह, बोराबाजार, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) ने बताया कि वह हावड़ा से धनबाद आए थे और पुरुलिया जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे.

## सदर अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था, भड़कीं जिप अध्यक्ष

**खास बातें**

- परिसर में जगह-जगह गंदगी जूठा खाना और बदबू
- जब जिप अध्यक्ष ने सिविल सर्जन से फोन पर की बात

शुभम संदेश। धनबाद



जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने मंगलवार को धनबाद सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. जहां स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर खामियां और अव्यवस्थाएं सामने आईं. निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, व्यवस्था और प्रबंधन को लेकर कई चिंताजनक स्थितियां पाई गईं. जिप अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और तैयारियों पर नाराजगी जतायी. उन्होंने तत्काल व्यवस्था सुधारने और संबंधित लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी, जूठा खाना और बदबू का माहौल था. अधिकांश बेड बिना चादरों के थे और वार्डों में तीव्र दुर्गंध फैली हुई थी. आधुनिक चिकित्सा उपकरणों पर मरीजों के झोले और अन्य सामान रखे हुए थे, जो संक्रमण फैलने का खतरा उत्पन्न कर रहे थे. सबसे गंभीर स्थिति महिला वार्ड में देखी गई, जहां पुरुष मरीजों को आराम करते पाया गया, जिससे सुरक्षा प्रबंधन पर भी सवाल खड़े हुए. जब जिप अध्यक्ष ने सिविल सर्जन से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि अभी तक अस्पताल में चादर, ब्लीचिंग पाउडर और फिनाइल की खरीद नहीं की गई है. निरीक्षण के दौरान कई मरीजों के परिजनों ने अस्पताल की अव्यवस्था और गंदगी को लेकर शिकायतें कीं. इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिप अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन को सख्त चेतावनी दी और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### वेदांता के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी

**बोकारो।** बोकारो स्थित वेदांता (ईसीएल) में वहां के कर्मचारी विष्णु रेड्डी के साथ मारपीट के मामले में बोकारो पुलिस पर कंपने के अधिकारियों के पक्ष में काम करने के आरोप लगने के बाद मंगलवार को सियालजोरी थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली. प्राथमिकी में कंपनी के डिप्टी सीईओ रवीश शर्मा समेत अन्य को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. जानकारी के मुताबिक विष्णु रेड्डी के साथ वेदांता (ईसीएल) कैंपस में मारपीट की गई थी. विष्णु रेड्डी का पैर की हड्डी टूट गया है. कमर में भी गंभीर चोट है. और वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भरती है. विष्णु के पिता ने 7 जुलाई को बोकारो के एसपी से मिलने की कोशिश की. नहीं मिलने पर एसपी के नाम एक आवेदन उनके कार्यालय में दिया. बोकारो पुलिस वेदांता कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही है. इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई. उल्लेखनीय है कि जिस कर्मचारी विष्णु रेड्डी के साथ मारपीट की घटना हुई है, वह दक्षिण भारत के तेलंगाना का रहने वाला है. वह बोकारो स्थित वेदांता इलेक्ट्रो स्टील में एचआर डिपामेंट में दो साल से काम कर रहा था.



सदर अस्पताल : जान बचाने वाली मशीन को बना दिया हैंगर

## रेलवे ट्रैक पर हथिनी ने बच्चे को दिया जन्म, दो घंटे रोकी गई ट्रेन



शुभम संदेश। रामगढ़

रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र में एक भावनात्मक और दुर्लभ दृश्य सामने आया, जब एक गर्भवती हथिनी के सुरक्षित प्रसव के लिए रेलवे प्रशासन ने मालगाड़ी को दो घंटे तक रोक दिया. समय पर लिए गए इस फैसले के कारण हथिनी और उसका नवजात शावक ट्रेन की चपेट में आने से बच गए. यह घटना सरवाहा के चरही गांव के पास की है. बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले हाथियों का एक झुंड बोकारो, बसंतपुर, चींची कला और करगी गांव होते हुए सरवाहा क्षेत्र में पहुंचा था. इसी दौरान एक हथिनी अपने झुंड से बिछड़ गई और हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे लाइन के पास आ गई. रेलवे ट्रैक के समीप हथिनी की उपस्थिति की जानकारी मिलते ही वनरक्षी ने रामगढ़ के डीएफओ नितीश कुमार को इसकी सूचना दी. डीएफओ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हजारीबाग से बरकाकाना की ओर जा रही मालगाड़ी को दो घंटे के लिए रोकने का निर्देश दिया. इस दौरान हथिनी ने सुरक्षित प्रसव किया, और जन्म के कुछ ही समय बाद उसका नवजात शावक उसके साथ लगभग 10 किलोमीटर का सफर तय कर सुरक्षित हाथी कॉरिडोर के जंगल में लौट गया. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह पहली बार था जब उन्होंने इतने करीब से हथिनी के प्रसव और शावक के जंगल में लौटने का दृश्य देखा. हथिनी और उसके बच्चे के सुरक्षित लौटने के बाद रेल परिचालन दोबारा शुरू किया गया. वन विभाग और रेलवे के बीच इस तालमेल की सराहना की जा रही है, जिसने एक जीवनदायिनी पहल का उदाहरण पेश किया.

### पीएनएम कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर रेणुका चौधरी नहीं रहीं



**गोमो।** पीएनएम कॉलेज गोमो की सेवानिवृत बांग्ला प्रोफेसर रेणुका चौधरी का मंगलवार को हृदय गति रुकने निधन हो गया. वे पिछ्ले कुछ सालों से बीमार चल रही थीं. उनके निधन की खबर मिलते ही उनके जीतपुर रोड पर पिपरा मोहल्ला स्थित आवास में लोगो की भारी भीड़ जुटी. लोगों ने अन्तिम दर्शन की और शोक व्यक्त की. वह मृदुभाषी और काफी मिलनसार महिला थीं. उनका अंतिम संस्कार जीतपुर ,गोमो जमुनिया नदी घाट पर किया गया. देर शाम को भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम पान्डेय, पूर्व गोमो मंडल अध्यक्ष सुनील मंडल,दिलीप गोस्वामी ने उनके आवास जाकर परिजनों को सांत्वना दी.

## धनबाद में ब्रांडेड शराब और बीयर की किल्लत

- बार संचालक और ग्राहक परेशान

शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड में ब्रांडेड शराब और बीयर की आपूर्ति पिछले दो महीनों से ठप होने के कारण धनबाद के बारों में भी भारी किल्लत देखने को मिल रही है. ब्लैक एंड व्हाइट, जेम्सन, स्मून ऑफ आदि जैसी प्रीमियम शराब के साथ-साथ बडवाइजर, अल्ट्रामैक्स, कॉल्सबर्ग और किंगफिशर अल्ट्रा जैसे लोकप्रिय बीयर ब्रांड्स भी बाजार में उपलब्ध नहीं हैं. इस स्थिति से बार संचालकों और शराब के शौकीन ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.कुछ शौकीन बंगाल के आसनसोल का भी रुख कर रहे हैं. वहां कम दाम पर बढ़िया ब्रांड की शराब मिल जाती है. बैंक मोड स्थित 17 डिग्री बार के मैनेजर कमल प्रामाणिक ने बताया कि ब्रांडेड शराब की कमी के कारण कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है, क्योंकि पुराने स्टॉक पर निर्भरता बढ़ गई है. पिछले एक सप्ताह से शराब की खुदरा दुकानों में हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया के चलते दुकानें बंद हैं, जिससे बार संचालकों को नई आपूर्ति नहीं मिल पा रही है.

**शराब कंपनियों और जेएसबीसीएल के बीच विवाद :** शराब कंपनियों का आरोप है कि झारखंड स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) पर उनका करीब 500 करोड़ रुपये का बकाया है. इस वजह से कंपनियों ने आपूर्ति रोक दी है. जेएसबीसीएल के गोदाम में नई आपूर्ति की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है. आयुक्त उत्पाद ने शराब कंपनियों को बकाया भुगतान का आश्वासन दिया है और एक-दो दिन में भुगतान पूरा होने की उम्मीद जताई है. कंपनियों को आपूर्ति शुरू करने के लिए कहा गया है ताकि किल्लत दूर हो और राज्य के राजस्व में कमी की भरपाई हो सके.

**बार संचालकों की आर्थिक परेशानी**

बार संचालकों का कहना है कि वे सालाना लाइसेंस शुल्क और सिक्यूरिटी मनी जमा करते हैं. नगर निगम क्षेत्र में नौ लाख रुपये और इसके बाहर छह लाख रुपये का शुल्क देना पड़ता है, चाहे बिक्री हो या नहीं. आपूर्ति ठप होने से उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है, जिससे आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है.



**अजब-गजब : पाल वंश के शासन में दामोदर नदी के किनारे हुई थी सिद्धेश्वरी मंदिर की स्थापना**

## बराकर के इस अदृश्य मंदिर में होती महादेव की पूजा

**पांच में से चार मंदिर दिखते हैं, पांचवां को अदृश्य मान होती है पूजा**

**सिद्धेश्वरी मंदिर में बारह शिवलिंग हैं बारह ज्योतिर्लिंग के प्रतीक**

मनोज नियोगी। शुभम संदेश



**आसनसोल।** सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है. ऐसे में देशभर के शिवालयों की तरह पश्चिम बंगाल के आसनसोल के बराकर स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर भी शिवभक्तों के स्वागत के लिए तैयार है. मंदिर प्रशासन और स्थानीय लोग भक्तों की सुरक्षा, सुविधा और दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने में जुटे हैं. दामोदर नदी के किनारे स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर को लेकर कोलकाता पुरातत्व विभाग का कहना है कि इसका निर्माण पाल युग (7वीं से 9वीं शताब्दी) में हुआ था. मंदिर परिसर में कुल पाँच मंदिरों का उल्लेख मिलता है, जिनमें से चार आज भी दिखाई देते हैं, जबकि पाँचवां मंदिर अदृश्य माना जाता है. मंदिर के पुजारियों के अनुसार, जब पाँचवां मंदिर बन रहा था, तभी मुर्गे की डांक सुनाई दी और निर्माण अधूरा रह गया. उस स्थल पर आज भी भक्त पूजा-अर्चना करते हैं. मुख्य द्वार पर बने दो मंदिरों में एक साथ तीन-तीन शिवलिंग स्थापित हैं, जिन्हें पुरातत्व विभाग ने गणेश मंदिर और छिन्नमस्तिका महिषासुर मर्दिनी मंदिर बताया है. यहाँ भगवान गणेश और छिन्नमस्तिका की मूर्तियाँ भी स्थापित हैं. इसके अलावा एक मंदिर में एक साथ पाँच शिवलिंग विराजमान हैं, जिसे माँ गौरी मंदिर कहा जाता है. भक्त इस स्थान को पंचानन मंदिर भी कहते हैं और पाँचों शिवलिंग को भगवान शिव के पाँच रूप — सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान के रूप में पूजते हैं. चौथे मंदिर में एक शिवलिंग स्थापित है, जो शिव के निराकार रूप का प्रतीक है. मंदिर परिसर में कुल 12 शिवलिंग स्थापित हैं, जिन्हें भक्त 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतीक मानते हैं. साथ ही तीन-तीन शिवलिंगों को त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) का प्रतिनिधित्व करने वाला माना जाता है. सावन के इस पावन अवसर पर, यह मंदिर शिव के विविध रूपों के दर्शन और आस्था का एक अद्भुत केंद्र बन गया है, जहाँ भक्त मनोकामना पूर्ति और आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति के लिए उमड़ रहे हैं.

## यश आदित्य को मिला सर्वश्रेष्ठ डीलर का अवार्ड

**खास बातें**

- धनबाद टोयोटा के एमडी हैं यश आदित्य
- पूर्वी क्षेत्र में शीर्ष पर जमाया है कब्जा

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद टोयोटा को पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ डीलर का अवार्ड मिला है. धनबाद टोयोटा के एमडी यश आदित्य की उत्कृष्ठिता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति उनके समर्पण के लिए उन्हें इस अवार्ड से नवाजा गया है. सर्वश्रेष्ठ डीलर के अवार्ड के मिलने पर धनबाद में उन्हें जमकर बधाइयां दी जा रही हैं.

# राशन नहीं मिलने पर प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन

## बरबेंदिया मल्लिक टोला में पीडीएस दुकानदार पर राशन नहीं देने का आरोप

शुभम संदेश। निरसा बाजार

निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरबेंदिया मल्लिक टोला गांव के पीडीएस दुकान के सभी कार्डधारी एकजुट होकर मंगलवार को निरसा प्रखंड कार्यालय पहुंच गए. सभी ने आरोप लगाया कि 3 महीने का अंगूठा लगवा कर उन्हें स्लिप तो दे दिया गया, लेकिन अब तक राशन नहीं दिया गया है. उनलोगों ने इसकी शिकायत निरसा प्रखंड आपूर्ति विभाग में भी की है, परंतु अभी तक इसका कोई निदान नहीं निकला है. पीडीएस दुकानदार गोपीनाथ मंडल से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा अंगूठा लगवाकर जो कार्डधारी को स्लिप देते हैं, उसमें ड्यू लिखा हुआ था. गोपीनाथ मंडल ने कहा कि यह अक्सर नहीं होता है कभी-कभी ऐसा हो जाता है. प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने बताया कि हम इसकी जांच करेंगे और सभी को राशन उपलब्ध करवाएंगे. कार्डधारियों में दीपक मल्लिक, मंगल सोरेन, रतन हसदा, हेमलाल मरांडी ,विद्या चरण मल्लिक ,सनातन मल्लिक ,विजय मल्लिक,कार्तिक मल्लिक, साधु मल्लिक ,गोविंद मल्लिक, मंगल मरांडी ,मदन मल्लिक ,बिशु मल्लिक ,सुभाष चंद्र मल्लिक,अर्जुन मलिक आदि उपस्थित थे.



## श्रमदान से गुहीबांध महावीर मंदिर के प्रथम तल की ढलाई

**कतरास।** करीब डेढ़ सौ साल पुरानी महावीर मंदिर गुहीबांध के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया है. मंदिर को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए सभी धर्म के लोग तन मन और धन से जुट गए हैं. मंगलवार को प्रथम तल की ढलाई में काफी भीड़ देखी गई. क्या बच्चे, क्या बूढ़े, महिलाएं भी श्रमदान करने में पीछे नहीं रहीं. श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति से मंदिर निर्माण के लिए यथाशक्ति दान पेटी में दान करते देखे गए. महावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोस्वामी ने कहा श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद कतरास वासियों में भी गुहीबांध महावीर मंदिर के निर्माण करने की प्रेरणा जागी. उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में द्वार का कार्य शुरू हो गया था, जो आज प्रथम तल की ढलाई तक पहुंच गया है. यह मंदिर आकर्षक और भव्य होगा.

# होटल काउंटर से उचक्कों ने उड़ाए बस कंडक्टर के 36 हजार रुपये

- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

शुभम संदेश। निरसा




गिरिडीह से कोलकाता जा रही यात्री बस संख्या डब्लूबी 49 एन1414 जब भोजन के लिए निरसा गोपालगंज स्थित संप्रीति होटल पर रुकी, तब बस के कंडक्टर के 36,000 नकद पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया. घटना के संबंध में बस कंडक्टर ने बताया कि भोजन के बाद उसने बस का कलेक्शन काउंटर पर जमा कर, रुपये पॉलीथिन में रख दिए और वहीं खड़ा होकर मोबाइल पर बात करने लगा. उसी दौरान एक व्यक्ति मौका पाकर पॉलीथिन में रखा नकद लेकर फरार हो गया.

घटना की सूचना मिलते ही कंडक्टर ने निरसा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. कंडक्टर ने यह भी बताया कि पूरी घटना होटल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिससे पुलिस को चोर की पहचान करने में मदद मिल सकती है. निरसा पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी. यात्रियों और बस कर्मियों में इस घटना को लेकर रोष है तथा होटल प्रबंधन से भी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की गई है.

## ब्रीफ खबरें

### कालीचरण महतो को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**पुटकी।** भाजपा विधायक राज सिन्हा ने मुनिडीह क्षेत्र के पार्टी के जुझारू व समर्पित कार्यकर्ता स्व. कालीचरण महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर कारीटांड़ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. विधायक सिन्हा ने कहा कि स्व. कालीचरण ने अपने जीवन को जनसेवा और संगठन निर्माण के लिए समर्पित कर दिया था. उनके विचार व कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं. वे एक सच्चे जननेता थे. जिन्होंने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की राजनीति की.श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्व. महतो की धर्मपत्नी, विकास मिश्रा, भानु महतो, विनोद सिंह, अमित महतो, छोटू दास, संतोष महतो सहित अनेक ग्रामीणों ने स्व महतो को श्रद्धांजलि दी.

### शौचालय की स्वच्छता की जांच

**महुदा ।** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड़ अंतर्गत काण्ड्रा पंचायत के पंचायत सचिवालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर आंगनबाड़ी केन्द्र कल्याणपुर- 2 साथ ही कल्याणपुर में घरों में प्रयोग कर रहे शौचालय की स्वच्छता की जांच की गई. यह जांच एएमएस सामाजिक संस्था द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत हुई है. जांच के क्रम में काण्ड्रा पंचायत की मुखिया रिंकु देवी, भाजपा धनबाद जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जल सहिया पिंकी कुमारी वार्ड सदस्य विद्यालय के शिक्षक गण आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका मीना कुमारी, सहायिका स्वच्छता जांच टीमों के साथ मौजूद रहीं.

### नुनुडीह में सड़क जर्जर चलना हुआ मुहाल

**चासनाला।** नुनूडीह स्थित झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि पैदल भी चलना दुश्वार होने लगा है. सड़कों पर दोनों तरफ जल जमाव भी हो रहा है. ऐसे में राहगीरों के साथ बाइक चालकों के गिरने का डर लगा रहता है. जबकि इसी रास्ते आला अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों का भी आना जाना लगा रहता है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर चलने से ही जान का खतरा बना रहता है. लोग अक्स यहां गिरते हैं और जख्मी हो जाते हैं. बारिश के बाद सड़क के गड्ढों में जमा पानी भी कम खतरनाक नहीं है.

# पुटकी बलिहारी प्रोजेक्ट के भागाबांध में उत्पादन शुरू

**खास बातें**

- भागाबांध के 17 नंबर बॉटम इंकलाइन के उत्पादन कार्य का सीएमडी ने किया उद्घाटन
- समारोह को कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने किया वीसी के माध्यम से संबोधित



शुभम संदेश। पुटकी

आउटसोर्सिंग कम्पनी ईगलदीप द्वारा संचालित पीबी प्रोजेक्ट के भागाबांध 17 नम्बर बॉटम इंकलाइन से 'प्रथम टन' उत्पादन कार्य का उद्घाटन बीसीसीएल के सीएमडी समीरान दत्ता ने किया. उद्घाटन के साथ ही वर्षों से बन्द पड़े जल भरे खदान में बहुप्रतीक्षित उत्पादन कार्य प्रारम्भ हो गया. आयोजित समारोह को कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने भी वीसी के जरिए सम्बोधित किया. सीएमडी दत्ता ने कहा कि ईगलदीप कंपनी को जिस आशा और विश्वास के साथ काम दिया गया था, उस पर खरा उतरा है. कठिन परिस्थितियों के बावजूद कम्पनी ने प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा कर उत्पादन कार्य शुरू किया है. सीएमडी ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा अंडरग्राउंड माइंस पर ज़ोर दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह काम किया गया है. भागाबांध में कोयले की गुणवत्ता अच्छी है, इसके उत्पादन से बीसीसीएल के राजस्व में वृद्धि होगी. कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का इगलदीप कम्पनी के अधिकारियों ने स्वागत किया. मौके पर बीसीसीएल के निदेशक तकनिकी संजय सिंह ,निदेशक तकनिकी (पी एंड पी) प्रमोद कुमार अग्रवाल,निदेशक ( मानव संसाधन ) मुरली कृष्ण रमईया, जीएम धर्मेन्द्र मित्तल, जीएम राजीव रंजन कर्ण,एल एल बर्णवाल, निजी कम्पनी के जितेंद्र सिंह,पलाश पाल, अशोक सिंह, आरके सिंह, आशुतोष पारीख, शेषनाथ सिंह, जयंत हलधर, डीके मिश्रा, एसएन प्रसाद, एसके सिंह आदि मौजूद थे.

## दो गुटों में मारपीट

**केंदुआ।** पत्नी के साथ अभद्र मजाक का विरोध करने पर गोन्दुडीह बस्ती में पति बीरेंद्र यादव की पिटाई के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी. दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. कई घायलों का मेडिकल अस्पताल में इलाज कराया गया. दोनों तरफ से गोन्दूडीह ओपी में एक-एक दर्जन लोगों के खिलाफ छिनतई व मारपीट करने की शिकायत की गई है.ओपी प्रभारी राजन झा ने कहा कि मामले में शंभु यादव व प्रदीप यादव की ओर से शिकायत मिली है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. सोमवार की रात वीरेंद्र की पत्नी के साथ कुछ लोगों ने रास्ते में अभद्र मजाक कर दिया था. पति को यह बात नागवार लगी. पति के पूछने पर अधिक यादव, मदन यादव, प्रदीप यादव, जीतू यादव, आनन्द सहित कई लोगों ने पिटाई कर दी. रात में पुलिस ने मामले को नियंत्रित किया लेकिन सुबह दोनों गुट पुनः भिड़ गए. जमकर पथराव हुआ और लाठी डंडे चले. घटना में दोनों पक्षों के शंभु यादव, मदन यादव, बीरेंद्र यादव, सुजीत कुमार, नीरज कुमार यादव सहित कई घायल हुए. मामले में शंभु यादव ने प्रदीप यादव, मदन यादव, अधिक यादव सहित अन्य पर आधा भर सोने का चेन छीनने व हमला करने का प्रदीप यादव ने आरोप लगाया है.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा नेता विक्रम पांडेय ने डीआरएम से की मुलाकात



**गोमो।** भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय सोमवार की शाम धनबाद रेल मण्डल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा से धनबाद स्थित डीआरएम कार्यालय में मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने गोमो सहित अन्य क्षेत्र के रेलवे से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, उन्होंने गोमो स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग की. साथ ही उन्होंने गोमो के रेल कॉलोनियों की जर्जर स्थिति और भरी पड़ी गंदगी से भी अवगत कराया. गोमो रेलवे स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया में संवेदक द्वारा निर्माण कार्य की अनियमितता बरते जाने की शुभम संदेश अखबार में छपी खबर पर चर्चा कर ध्यान दिलाया और जांचकर कार्रवाई की मांग की. डीआरएम श्री मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है. मौके पर भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी, विकास पाण्डेय मौजूद रहे.

### भाकपा ने निकाली मजदूर संघर्ष संदेश यात्रा



**कतरास।** भाकपा-माले द्वारा मजदूर संघर्ष संदेश यात्रा बाघमारा, कतरास, निचिंतपुर, श्यामदीह मोड़, राहुल चौक, भगत सिंह चौक, बसस्टैंड, थाना चौक, पंचगढ़ी बाजार, छाताबाद, अंगारपथरा, सिजुआ तथा सलानपुर पहुंची. इस दौरान विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ सभा की गई. नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता माले के वरिष्ठ नेता कार्तिक महतो एवं संचालन कतराज क्षेत्रीय सचिव भैरवनाथ महतो ने की. सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों के खिलाफ श्रम संशोधन कानून लाकर किसान, मजदूर वर्ग को गुलामी की ओर ले जाना चाह रही है. इसके विरोध में पूरे देश में 9 जुलाई को हड़ताल होगी. महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, विस्थापन, पुनर्वास, निजीकरण बंद करो, झारखंड में स्थानीय नीति स्पष्ट करो आदि मुद्दों को लेकर प्रस्तावित होने हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई. सभा में ठाकुर महतो, मानिक महतो, चंदन महतो, चेतू साव, कपूर पंडित, शंकर प्रजापति, मिहिर महतो, शिवा प्रजापति, अमर महतो आदि उपस्थित थे.

### हीरक रोड से घुटावे बस्ती तक बनेगी सड़क



**महुदा/दुगदा :** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत सिजुआ पंचायत के घुटवे गांव में ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हीरक रोड से घुटावे बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने किया. करीब एक किलोमीटर और एक करोड़ 22 लाख 45 हजार 227 रुपए में यह सड़क बनेगी. सड़क का निर्माण कार्य करीब 12 महीने में पूर्ण करना है. घुटवे हीरक रोड शिव मंदिर के पास शिलापट्ट का अनावरण क्षेत्र संख्या 12 के जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार पांडेय, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रूपलाल गोप,ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया गया. सिजुआ पंचायत की मुखिया सरिता देवी, राजेश राम, जिला परिषद प्रतिनिधि कमलेश दसौधी, रजनीश कुमार, तपेश पांडेय, सुमित पांडेय, समीर हेनरी, दीपक पांडेय, तथा दर्जनों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

### दुग्दा पीओ को सौंपा मांग पत्र



**महुदा/दुगदा।** झारखंड श्रमिक संघ, दुग्दा कोलावशरी शाखा के एक प्रतिनिधि मंडल ने परियोजना पदाधिकारी दुग्दा कोलियरी से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपते हुए विस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की है.पीओ को सौंपे गए पत्र में झारखंड श्रमिक संघ के शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार तुरी ने कहा है कि बीसीसीएल प्रबंधन दुग्दा कोलावशरी प्लांट को आउट सोर्सिंग के माध्यम से मेसर्स जिंदल कंपनी को 25 वर्षो के लिए संप्रेषण और उत्पादन के लिए दिया है. मेसर्स जिंदल कंपनी को पिछले पांच वर्षों से बंद दुग्दा कोलावशरी प्लांट को सौंपने से स्थानीय विस्थापित और बेरोजगारों के बीच रोजगार मिलने की आशा की किरण जगी है. बीसीसीएल के अधिकारी मेसर्स जिंदल कंपनी में स्थानीय विस्थापित व बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिलाने की पहल करें. प्रतिनिधि मंडल में विजय कुमार मांझी,मनोज कुमार तुरी, मोहन मुर्मू, जयनाथ ठाकुर, सरजू केवट, बसंत चौहान, मनोज दास, भगीरथ केवट, जमाल कुरैशी, महादेव राम, सदानंद मंडल फणीन्द्र केवट, समेत कई अन्य लोग शामिल थे.

## बरोरा में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन, बच्चों को मिला पुरस्कार



शुभम संदेश। महुदा

बरोरा क्षेत्र के क्षेत्रीय सभागार में 8 जुलाई को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. यह पखवाड़ा 15 जून से 30 जून तक मनाया गया, जिसके तहत क्षेत्र में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया. पखवाड़ा के दौरान कॉलोनी की सफाई, चिटाही धाम में स्वच्छता अभियान तथा स्कूली स्तर पर रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. डीएवी बरोरा एवं नेहरू बालिका विद्यालय में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 130 से अधिक छात्रों ने भाग लिया. समापन समारोह में दोनों विद्यालयों के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा बननी चाहिए. समारोह में शिक्षकों, छात्रों के साथ-साथ बरोरा क्षेत्र के अधिकारीगण भी उपस्थित थे. विजयी प्रतिभागियों में निबंध प्रतियोगिता से नेहरू बालिका उच्च विद्यालय की खुशबू कुमारी, पायल कुमारी और माही चंद्रवंशी शामिल रहीं. चित्रकला प्रतियोगिता में रौशनी कुमारी, कोमल शर्मा और भारती कुमारी को पुरस्कृत किया गया. समारोह का समापन सभी प्रतिभागियों और उपस्थित जनों की सराहना व प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ.

# चहारदीवारी में भ्रष्टाचार, निर्माण से पहले ही पड़ने लगी दरारें

## चहारदीवारी निर्माण की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर उठे सवाल

शुभम संदेश। गोमो



भवन प्रमंडल धनबाद की देखरेख में तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बनाई जा रही चारदीवारी अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि उसमें दरारें पड़ गईं. सोमवार को चारदीवारी का मुख्य गेट का पिलर बारिश में गिर गया और दीवार भी पूरी तरह फट गई. इससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं और ग्रामीणों में नाराजगी है. चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास पिछले महीने विधायक मथुरा प्रसाद महतो और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया था. कार्य की निगरानी भवन प्रमंडल धनबाद के कार्यपालक अभियंता द्वारा की जा रही है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा है और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे दीवार निर्माण से पहले ही कमजोर साबित हो रही है. आजसू पार्टी के जिला सचिव सदानंद महतो ने कहा कि यह योजना सरकारी धन की लूट का एक उदाहरण है. उन्होंने सवाल उठाया कि जब जनप्रतिनिधि शिलान्यास करते हैं, तो वे निर्माण की गुणवत्ता पर नज़र क्यों नहीं रखते? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीडीओ साहब की nose के नीचे भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन वे आँखें मूँदे बैठे हैं.

**तस्करी के बालू से निर्माण, सीओ मौन :** तोपचांची प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ों की लागत से चल रही कई योजनाओं में अवैध रूप से तस्करी किए गए बालू का इस्तेमाल हो रहा है. हाईवा ट्रकों से बिना अनुमति के बालू डंप कर निर्माण कार्य किया जा रहा है. यह सबकुछ सीओ की जानकारी में होते हुए भी वह कार्रवाई करने से बच रहे हैं. जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन और बालू तस्करी पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं, फिर भी ज़मीनी स्तर पर कोई सख्ती नजर नहीं आ रही है. इससे प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं. स्थानीय लोगों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके.

# 1600 मेगावाट के पावर प्लांट से होगा क्षेत्र का भविष्य उज्जवल : घोष

## सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ डीवीसी चंद्रपुरा का स्थापना दिवस

शुभम संदेश। महुदा/चंद्रपुरा





दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में मनाये जा रहे डीवीसी का स्थापना दिवस सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों के बीच कल कल देर शाम संपन्न हो गया. वरिष्ठ महाप्रबंधक और प्रभारी परियोजना प्रधान अविजीत घोष ने डीवीसी के सामाजिक कार्यों की विवेचना की और कहा कि डीवीसी का स्थापना मानव कल्याण के लिए किया गया है और इस कार्य में डीवीसी शत प्रतिशत सफल रहा है. घोष ने कहा कि दामोदर नदी के विध्वंसक गतिविधियों को समाप्त कर डीवीसी ने इसके पास निवास कर रहे लोगों को उज्जवल जीवन दिया है. डीवीसी पावर प्लांट के अलावा सोलर, हाइडल के द्वारा पावर जेनरेशन पर जोर दे रहा है. उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों का दायित्व है कि देश की उन्नति के लिए हम सभी मिलकर इस संस्थान को और अधिक मजबूत बनाएं. घोष ने चंद्रपुरा में डीवीसी के विस्तारीकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि यहां 10 मेगावाट का सोलर प्लांट के अलावा 1600 मेगावाट के पावर प्लांट की स्थापना किए जाने से इस क्षेत्र का भविष्य अति उज्जवल होगा और देश की समृद्धि में हम आगे अवश्य बढ़ेंगे. वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ डीसी पांडेय ने डीवीसी की स्थापना और इसके सफल कार्यकाल को देश और समाज के लोगों को गौरवान्वित होने का क्षण बताया और कहा कि समाज को खुशहाली लाने में डीवीसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. जरूरत इस बात की है कि हम सभी मिलकर डीवीसी के कार्यों को सफल बनाने में जोरदार प्रयास करते रहे, ताकि आने वाले पीढ़ी को भी इसका लाभ निरंतर मिलता रहेगा. यहां के कम्युनिटी हॉल में आयोजित कल देर संध्या इस अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और प्रभारी परियोजना प्रधान अविजीत घोष, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉक्टर डीसी पांडेय , उप महाप्रबंधक आरआर ओझा, दीपक कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, डॉ पीके घोष, प्रबंधक परविंद कुमार, राजकुमार चौधरी, विनोद बारूरी, डिप्टी कमांडेंट (सीआईएसफ) मोहम्मद मेहरूल इस्लाम लश्कर, अक्षय कुमार, रामकुमार दुबे, मोहम्मद शाकिब राजा, विनोद कुमार, जयंतो सरकार, विपद मांझी, प्रफुल्ल भंडारी, प्राचार्य अमूल्य सिंह सरदार, सरयू रविदास, आदि शामिल थे. इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा समूह नृत्य, कीर्ति सिंह द्वारा एकल नृत्य, डीवीसी जमा दो उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा समूह नृत्य, नेहा कुमारी द्वारा एकल नृत्य, डीवीसी प्रथम मध्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा नागपुरी और संथाली समूह नृत्य, तनुश्री घोष द्वारा भरतनाट्यम कथक नृत्य, कुमकुम कुमारी द्वारा एकल नृत्य, समीक्षा कुमारी द्वारा एकल नृत्य, शर्मिष्ठा मुखर्जी द्वारा गीत के अलावा नीलम गुप्ता और गंगाराम भंडारी द्वारा कविता सुनाया गया. समारोह का संचालन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और भुवनेश्वर महतो ने किया. धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने किया.

▼ ब्रीफ खबरें

### प्राचार्य एस.के. मिश्रा बने एआरओ

**बोकारो।** डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य एस.के. मिश्रा को डीएवी स्कूल जोन 'के' का एआरओ नामित किया गया है. प्राचार्य एस.के. मिश्रा की जोन 'के' के एआरओ के रूप में पदोन्नति की खबर से डीएवी सेक्टर-4 के सभी शिक्षक और विद्यार्थी अत्यंत हर्षित और गौरवान्वित हैं. गौरतलब है कि मिश्रा अपने तीस वर्षों के अथक शैक्षणिक अनुभव का प्रकाश और बीस वर्षों से प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं विद्यालयों में दे रहे हैं. डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली द्वारा उन्हें झारखंड जोन 'के' का पदभार सौंपा जाना उनकी इन्हीं बहुआयामी प्रतिभा का परिचायक है. इस अवसर पर डीएवी इस्पात विद्यालयों और डीएवी सेक्टर-6 आदि के प्राचार्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. साथ ही, सेक्टर-4 के संपूर्ण विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और अभिभावकों की ओर से भी इस अतुलनीय उपलब्धि पर बधाई दी .

### सड़क किनारे सूखा पेड़ बना खतरा

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर भूपतडीह में सड़क किनारे खड़ा एक भारी भरकम सूखा शीशम का पेड़ कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है. यह पेड़ काफी पुराना और सूखकर जर्जर हो चुका है. इस संबंध में ग्रामीण हरिहर यादव और राकेश यादव ने वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर इसे हटाने की मांग की है. पेड़ काटने के लिए इस पत्र को जरीडीह पंचायत की मुखिया अनिता देवी और वार्ड सदस्य यशोदा देवी ने भी अनुशंसित किया है. ग्रामीणों के अनुसार, पेड़ की बड़ी-बड़ी डालियाँ उनके घरों के ऊपर है, जिनके गिरने से उन्हें जान-माल का नुकसान हो सकता है. यह भी बता दें कि जमुआ-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर ऐसे कई सूखे पेड़ हैं, पर वन विभाग इन पर ध्यान नहीं दे रहा है.

### झामुमो बोकारो में नई सूची पर रोष

**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति द्वारा नई पदाधिकारियों की सूची जारी किए जाने के बाद बोकारो जिले और महानगर के पुराने कार्यकर्ताओं में भारी रोष है. उन्होंने इस सूची का विरोध दर्ज किया है. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जिन पुराने सदस्यों ने तन-मन से मेहनत कर पार्टी को मजबूत किया है, उन्हें किसी पद पर जगह नहीं दी गई, जबकि नए कार्यकर्ताओं को मौका देकर पुराने सदस्यों का अपमान किया गया है. इस मुद्दे को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला अध्यक्ष और केंद्रीय समिति सदस्य हीरालाल मांझी व केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा है. उन्होंने मांग की है कि उनकी बात राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुँचाई जाए, ताकि पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान मिल सके

### सांसद के प्रयास से मिली फोरलेन सड़क की मंजूरी

**बोकारो।** धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के प्रयासों से बोकारो के शास्त्री चौक से लेकर तेलमोचो ब्रिज तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण होगा. इस परियोजना पर लगभग बासठ करोड़ रुपये खर्च होंगे. यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता ने दी. श्याम बाबू गुप्ता ने बताया कि नई दिल्ली में सांसद ढुल्लू महतो ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बोकारो के शास्त्री चौक से लेकर तेलमोचो ब्रिज तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने की मांग की थी. मंत्री गडकरी ने सांसद को लिखे पत्र में इस मांग के लिए उन्हें बधाई देते हुए सूचित किया है कि उनके आग्रह पर उक्त सड़क को फोरलेन बनाने की स्वीकृति दे दी गई है. इस पर लगभग 62 करोड़ खर्च होंगे और टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. सांसद के इस प्रयास को सराहनीय और अनुकरणीय बताते हुए श्याम बाबू गुप्ता ने उन्हें बधाई दी. सांसद को बधाई देने वालों में अंबिका कवास, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, कृष्ण कुमार मुन्ना आदि शामिल हैं.

### डॉ. रामदेव पासवान पुनः बने सिविल सर्जन

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर कई जिलों के सिविल सर्जनों का तबादला किया है. इसी क्रम में साहिबगंज जिले को भी नया सिविल सर्जन मिल गया है. पूर्व सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान को पुनः साहिबगंज जिले का सिविल सर्जन बनाया गया है, जिससे जिलेवासियों में काफी हर्ष है. सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने पूर्व में साहिबगंज सदर अस्पताल को कायाकल्प अवॉर्ड दिलाया था. उन्होंने बताया कि वह 12 जुलाई को साहिबगंज पहुंचकर अपना योगदान देंगे.

## बालू माफियाओं ने जब्त ट्रैक्टर छुड़ाया, मामला दर्ज

**शुभम संदेश। पौड़ैयाहाट**



बालू माफियाओं के आगे प्रशासन भी नतमस्तक होता दिख रहा है. माफियाओं की दादागिरी का यह आलम है कि जब पदाधिकारी बालू से लदे ट्रैक्टर को पकड़ते हैं तो कुछ ही देर में माफियाओं की टीम पहुंचती है और अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को धत्ता बताते हुए गाड़ी छुड़ाकर ले जाती है. मंगलवार सुबह प्रखंड क्षेत्र के बालू घाट पर भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला. माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभात सिंह पुलिस कर्मियों के साथ बालू तस्करी रोकने के लिए क्षेत्र में निकले हुए थे. इसी दौरान पौड़ैयाहाट क्षेत्र के भलुवा तेलिया टीकर के समीप एक बिना नंबर का बालू लदा ट्रैक्टर मिला. खनन निरीक्षक ने गाड़ी रोककर जांच की और हवलदार को ट्रैक्टर चालक के साथ ट्रैक्टर को थाना लाने का आदेश दिया.

**अधिकारियों से नोक-झोंक और ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गए माफिया**

ट्रैक्टर पकड़े जाने की खबर माफियाओं को मिलते ही कुछ ही देर में आधे दर्जन से अधिक लोग वहाँ पहुँच गए और छापेमारी दल के साथ नोक-झोंक करते हुए जबरन ट्रैक्टर को छुड़ाकर अपने साथ ले गए.


**8 से 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज**

इस पूरे मामले की लिखित जानकारी खनन निरीक्षक द्वारा थाना में दिए जाने के बाद 8 से 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. थाना प्रभारी के अनुसार, मामले को लेकर कांड संख्या 94/25 के तहत विभिन्न सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज किया गया है. सूत्रों की मानें तो एक सप्ताह पूर्व भी एक पुलिस पदाधिकारी के साथ बालू माफिया की नोंकझोंक हुई थी, हालाँकि इस मामले पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, न ही कोई मामला दर्ज किया गया था.

**एनजीटी के रोक का नहीं दिख रहा असर**

एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) की रोक के बावजूद बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है. सिर्फ कहने को कागज पर बालू पर रोक लिखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि जिले के अधिकांश घाटों से बालू का उठाव बेरोकटोक जारी है. नए उपायुक्त के प्रभार लेने के बाद लगातार बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को बालू की चोरी रोकने के लिए दबाव दिया जाता है, लेकिन चोरी है कि थमने का नाम ही नहीं लेती.

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**पथरगामा।** माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभात कुमार ने प्रखंड क्षेत्र में बिसाहा रजौन मोड़ के समीप कोरका घाट की ओर से आते हुए बालू से लदे दो अवैध ट्रैक्टरों को रोका. इसकी सूचना पथरगामा थाना को दिए जाने के बाद, पथरगामा थाना के एएसआई गौतम साहा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर पथरगामा थाना ले आए. माइनिंग इंस्पेक्टर के बयान पर इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.

### विधायक जयराम महतो का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## राज्यपाल ने मैट्रिक टॉपर को टैब देकर किया सम्मानित




**शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)**

नावाडीह स्टेडियम में मंगलवार को विधायक जयराम महतो द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने मैट्रिक और इंटर के विभिन्न संकायों के टॉपरों को लैपटॉप, टैब, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

**पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के टॉपर हुए पुरस्कृत :** पीएनडी जैन उच्च विद्यालय की मैट्रिक टॉपर बरखा भदानी (पिता विवेक कुमार भदानी) को राज्यपाल ने टैब पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया. बरखा को राज्यपाल और विधायक जयराम महतो ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. सुरेंद्र कुमार और रिया जायसवाल (पिता सत्यप्रकाश जायसवाल) को ट्रॉफी, बैग, पुस्तक, कलम और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए. विद्यालय के शिक्षक दयानंद कुमार की पुत्री ईशिका सोनी को भी पुरस्कृत किया गया.

**शिक्षा क्षेत्र में विधायक के प्रयासों की सराहना**

प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन ने विधायक की इस पहल को शिक्षा के स्तर में सुधार की दिशा में पहला कदम बताया. उन्होंने कहा कि अपने वेतन की राशि बच्चों के लिए खर्च करने वाले जयराम महतो संभवतः पहले विधायक हैं. वहीं, विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार देव ने विधायक जयराम महतो के इस कदम को सराहनीय बताया और कहा कि एक शिक्षित जनप्रतिनिधि के रूप में जयराम महतो शिक्षा के क्षेत्र की बारीकियों को समझते हैं और समस्याओं का समाधान भी करते हैं. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन, श्याम कुमार सिंह, देवेश कुमार देव, रजत जैन, रूपलाल प्रसाद मंडल, सुब्रत कुमार सामंत, दयानंद कुमार, विवेक जैन, संजीव कुमार जैन इत्यादि ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं.

### जनधन खाता खुलवाने के लिए शिविर आयोजित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत सचिवालय में मंगलवार को एसबीआई की कसमार शाखा और झारखंड ग्रामीण बैंक की दांतू शाखा की ओर से जनधन खाता खुलवाने और बैंक बीमा को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान शिविर में काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और जनधन खाता खुलवाया. इस अवसर पर झारखंड ग्रामीण बैंक दांतू की शाखा प्रबंधक रजिंता रजनी कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है, जिसमें सभी के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना शामिल है. इस योजना के तहत लोगों को मुफ्त में बचत खाते खोलने और रुपे डेबिट कार्ड प्राप्त करने की सुविधा मिलती है. वहीं जनधन खातों में सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों को सीधे तौर पर जमा किया जा सकता है. इस दौरान अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना सहित बैंक से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई. मौके पर गर्री की पंसस वर्षा देवी, उप मुखिया मासूम अली रजा, बैंककर्मी निखिल कुमार, वार्ड सदस्य पार्वती देवी, कविता कुमारी, दिलीप तूरी, शबनम परवीन, अख्तरी खातून, अनिल रजवार, प्रियंका कुमारी, बैंक सखी संगीता कुमारी और अन्य लोग मौजूद थे.

## शराब दुकान में रोशनदान काटकर 1.68 लाख की चोरी



**शुभम संदेश। गोड्डा**

पौड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कमराडोल गांव में हंसडीहा-बौसी मुख्य मार्ग पर स्थित एक लाइसेंसी सरकारी शराब की दुकान में रोशनदान काटकर डेढ़ लाख से अधिक की चोरी को अंजाम दिया गया. यह घटना बीते रात हुई, जबकि सरकार की नई उत्पाद नीति के तहत चार्ज देने के लिए दुकान को एक दिन पहले ही बंद किया गया था और दूसरे दिन इसे टेकओवर किया जाना था. ड्यूटी पर तैनात नाइट गार्ड के अनुसार, चार्ज लेने-देने की प्रक्रिया के कारण दुकान पर कार्यरत सभी कर्मी चले गए थे. देर रात बारिश होने और जंगल क्षेत्र में जंगली जानवरों के शोर के कारण उन्हें अकेले ड्यूटी करने में भय महसूस हो रहा था, जिस वजह से वह सामने के स्टेशन की ओर चले गए. वह बीच-बीच में आकर टॉर्च की रोशनी में निगरानी कर जाते थे. रात्रि 2 बजे ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करते समय भी सब ठीक-ठाक था. जब सुबह आए, तो देखा कि रोशनदान टूटा हुआ है और बियर के पाँच कार्टून बाहर रखे हुए थे. इसकी सूचना अन्य कर्मियों को दिए जाने के बाद सभी विभागीय कर्मी मौके पर पहुँचे. पौड़ैयाहाट पुलिस ने भी पहुँच कर तहकीकात की. सामानों का मिलान करने पर यह पाया गया कि 1.68 लाख मूल्य की शराब की चोरी हो गई थी. दूसरे कमरे का ताला नहीं तोड़ पाने के कारण बिक्री किए गए माल का करीब 1.5 लाख की चोरी होने से बच गया. हालाँकि, काउंटर में रखे 5,000 रुपये चोर ले गए. जिस प्रकार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया, उस पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि मात्र एक फीट लंबे-चौड़े रोशनदान से इतनी बड़ी मात्रा में शराब को आखिर बाहर कैसे निकाला गया. पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका पर भी जांच कर रही है.

## बाल संरक्षण पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यशाला

**शुभम संदेश। दुमका**

जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका और प्रवाह संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शिकारीपाड़ा में छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ बाल संरक्षण के मुद्दों पर एक कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें विद्यार्थियों के साथ बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य स्कूलों के साथ-साथ समुदाय में बाल संरक्षण के मुद्दों को संबोधित करने में शिक्षकों को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में सशक्त बनाना था. साथ ही, बाल यौन शोषण, मानव तस्करी, बाल विवाह और अशिक्षा से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया. कार्यशाला में प्रवाह के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015, यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि मोहम्मद शमीम अंसारी ने देखभाल व संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों की सहायता हेतु मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अनाथ, एकल अभिभावक, गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों सहित बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी एवं अन्य दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चों को, जिनका पारिवारिक आय 72,000 रुपया से कम है, उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिलता है. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पारा लीगल स्वयंसेवक सुशीला हेमब्रम ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को चिह्नित करके प्रखंड स्तरीय बाल कल्याण व संरक्षण समिति या जिला समाज कल्याण विभाग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से उनका प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है, ताकि दिव्यांग बच्चों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनके अधिकारों का संरक्षण किया जा सके. कार्यशाला में बाल अधिकार के तहत जीवन जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार और सहभागिता का अधिकार, बाल अधिकारों के हनन के विभिन्न प्रकार, बचाव के उपाय सहित मौजूदा समर्थन सेवाओं और 112 मोबाइल ऐप तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार से बताया गया. इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका से जुल्फिकार अंसारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन दीपिका कुमारी, शिक्षक सुमन सौरभ, ज्योति प्रभा राय, रश्मि भारती, चंदन गोराई, जेमा कीरो, मनोज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यालय की छात्राएं मौजूद थीं.

### भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित

## कहवाँ छोड़ि के तू गइलू हो माई ने भावनाओं को झकझोरा

**शुभम संदेश। बोकारो**



अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, झारखंड प्रदेश द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 2/ए में प्रांतीय संगोष्ठी और कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें काव्य की बयार बही और सुधी श्रोताओं ने काव्य धारा में गोता लगाया. गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य साहित्य से लोगों को जोड़ना और कविता के माध्यम से देशप्रेम का आत्मबोध कराना था. कार्यक्रम में बोकारो सहित झारखंड के अन्य जिलों के रचनाकार व शब्दकारों ने भाग लिया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही (केंद्रीय प्रन्यासी, विश्व हिंदू परिषद्), विशिष्ट अतिथि विपिन कुमार ठाकुर (उद्योगपति, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता), मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवन कुमार बादल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह, स्वागताध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रो. पी.एल. वर्णवाल, महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी, अंकित उपाध्याय और कृपानंद सिन्हा आदि उपस्थित रहे.

**कवियों की प्रस्तुति और भावों का प्रवाह**

कवियों ने देशभक्ति, करुणा, प्रेम, सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिससे गोष्ठी जीवंत हो उठी. श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक कविताओं को सुना और सराहा. साहेबगंज से आए डॉ. विजय कुमार भारती की काव्य रचना 'कहवाँ छोड़ि के तू गइलू हो माई' ने सभी की भावनाओं को कुरेद दिया और आँखों में आँसू ला दिए. वरिष्ठ कवयित्री डॉ. आशा पुष्प ने 'फटते पौ जिस रक्तिम आभा की प्रभा से' प्रस्तुत किया. गीता कुमारी 'गीता' ने 'छूना है तुम्हें अंबर वामा'. साहेबगंज से आईं कवयित्री सपना चंद्रा ने 'जिद ऐसी की चल पड़ती हूं'. अमृता शर्मा ने 'जब मर्म पर आघात हो'. डी.एन. सिंह ने 'संयमित सुखद सुरभित जीवन'. रजत नाथ ने 'तब तुम याद आती हो'. लव कुमार ने 'देश की अस्मिता पर आँच कभी आएगी, तो कलम के साथ-साथ शास्त्र भी उठाएंगे'. रीना यादव ने 'बसी है इनमें बुजुर्गों की जान रहने दो'. क्रांति श्रीवास्तव ने 'बिरसा की पावन भूमि को'. करुणा कालिका ने 'प्रेम परिभाषा को जो, गढ़ गई राधा रानी'. अंकित उपाध्याय ने 'क्या बचपन था! मौजों की रवानी थी'. कस्तूरी सिन्हा ने 'सूखे पत्ते पैरों तले, आँखों में पलते सपने जवां'. कल्पना केशर ने 'शाम है सुहानी, ताल का किनारा'. ज्योतिर्मयी डे ने 'फूल ने कहा कांटा से'. रेणुका सिन्हा ने 'गरिमामयी हिन्दी, हिन्दी अद्भुत अहसास है'. मधुकर अग्रवाल ने 'काल की गाल समा जाता हूँ' काव्य का पाठ किया. संगोष्ठी का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. विजय प्रकाश ने, कवि गोष्ठी का संचालन सचिव लव कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन कस्तूरी सिन्हा ने किया.

न्यूज अपडेट ▼

### कुएं से विवाहिता का शव बरामद, पति फरार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में सोमवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी. मायके आई 35 वर्षीय शहनाज खातून का शव मंगलवार सुबह घर के पास एक कुएं से बरामद किया गया. मृतका बैरिया निवासी अकबर अंसारी की बेटी थी, जो शनिवार को मुहर्रम के मौके पर कोलकाता से अपने पति मंजूर अंसारी के साथ मायके आई थी. उसका ससुराल बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चकाई थाना के गगनपुर गांव में है. परिजनों के अनुसार, सोमवार रात अचानक शहनाज खातून के छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी. बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उसके नाना नींद से जागे तो देखा कि शहनाज कमरे में नहीं है. परिवार वाले घबरा गए और इधर-उधर खोजबीन शुरू की. जब काफी देर तक कुछ पता नहीं चला तो हीरोडीह थाना को सूचना दी गई. मंगलवार सुबह गांव के ही एक कुएं में शहनाज खातून का शव बरामद हुआ. घटना के बाद से उसका पति मंजूर अंसारी फरार है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

### 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से खलासी की मौत

**बोकारो।** जिले के बालीडीह थाना अंतर्गत मखदुमपुर में सोमवार रात मिट्टी ढुलाई के दौरान एक हाइवा वाहन ऊपर से गुजर रहे 11000 वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया. इस हादसे में वाहन पर सवार खलासी राजेंद्र टुडू की मौके पर ही मौत हो गई. राजेंद्र कसमार प्रखंड के पौंडा गांव का निवासी था और रोज की तरह रात में मिट्टी लोड करने मखदुमपुर पहुँचा था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही हाइवा तार के संपर्क में आया, तेज धमाके के साथ बिजली का झटका खलासी को लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा. उसे आनन-फानन में बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही बालीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुँची और हाइवा को जब्त कर लिया. बालीडीह इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है और परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. हादसे के बाद ट्रक मालिक के प्रतिनिधि अस्पताल पहुँचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि वे दाह संस्कार की सारी व्यवस्था और बीमा क्लेम की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे.

### डीएफओ और लेखापाल पर लगा गंभीर आरोप

**बोकारो।** चास के जोधाडीह में भ्रष्टाचार मुक्त भारत मोर्चा के बैनर तले धनबाद के डीएफओ (मंडलीय वन अधिकारी) और चास में पदस्थापित लेखापाल, सीएफ कार्यालय के खिलाफ एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर जयसवाल ने बताया कि सपा महासचिव मुमताज अली ने पिछले 2 साल से धनबाद डीएफओ विकास पालिवाल और लेखापाल दीपक दास पर राष्ट्रीय संपत्ति की लूट और करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तथा राज्य के मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र लिखे थे. इन शिकायतों पर डीएफओ विकास पालिवाल पर जांच का आदेश दिया गया है, और दीपक दास पर मुख्यमंत्री सचिवालय से कार्रवाई करने का आदेश पत्र जारी किया गया है. जयसवाल ने आगे कहा कि इसी के तहत धनबाद डीएफओ और दीपक दास द्वारा षड्यंत्र रचकर मुमताज अली को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है. साथ ही, भ्रष्टाचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि धनबाद डीएफओ द्वारा साजिश कर मुमताज अली को परेशान किया जा रहा है. उनके घर पर पुलिस भेजकर घरवालों को भी धमकाया जा रहा है, जो बिल्कुल गलत है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डीएफओ और उनके सहयोगी द्वारा मुमताज अली को परेशान करना बंद नहीं किया गया, तो मोर्चा जोरदार धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगा.

### दिव्यांग विक्रम कुमार को मिला आर्थिक सहयोग

**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड निवासी दिव्यांग विक्रम कुमार को उनके इलाज के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया. उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर यह सहायता उपलब्ध कराई गई, ताकि विक्रम को समय पर इलाज मिल सके और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो. उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विक्रम कुमार को चेक सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे. उन्होंने जोर दिया कि जिला प्रशासन जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है. विक्रम कुमार दिव्यांग हैं और एक बीमारी से ग्रस्त हैं, जिसका इलाज बोकारो से बाहर ही संभव है. उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराना मुश्किल हो रहा था. प्रशासन को जानकारी मिलते ही इस मामले को गंभीरता से लिया गया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर तुरंत सहायता राशि का चेक उपलब्ध कराया गया. इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी एन.एस. कुजूर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह और राहुल कुमार उपस्थित थे.

### भारत बंद और गदर पावर ग्रिड को लेकर माले की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के माल्डा पंचायत भवन के सभागार में भाकपा माले की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में भारत बंद और गदर पावर ग्रिड को चालू कराने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना को सफल बनाने पर चर्चा की गई. कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न पंचायतों में प्रचार अभियान चलाने हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि 9 जुलाई को मजदूरों पर लागू श्रम कोड (लेबर कोड) को लेकर आहूत भारत बंद को सभी कार्यकर्ता सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरेंगे. उन्होंने कहा कि यह कानून मजदूर विरोधी है, जिसका भाकपा माले द्वारा विरोध किया जा रहा है. यादव ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में गदर में पावर ग्रिड की स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया था. लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी यह पावर ग्रिड चालू नहीं हो सका है, जिससे यहाँ के लोग घोर बिजली संकट से जूझ रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा ट्रांसमिशन निर्माण के लिए एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं दिए जाने के कारण यह चालू नहीं हो पा रहा है और स्थानीय सांसद-विधायक इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं. उन्होंने घोषणा की कि 10 जुलाई से गदर पावर ग्रिड के सामने भाकपा माले द्वारा अनिश्चितकालीन धरना व घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा. उन्होंने गावां और तिसरी प्रखंड के लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सकलदेव यादव और संचालन तिसरी सचिव मुन्ना राणा ने किया. मौके पर नागेश्वर यादव, जयनारायण यादव, पवन चौधरी, अशोक मिस्त्री, अकलेश यादव, अशोक यादव, अभिमन्यु यादव, आनंदी यादव, सुनील दास आदि मौजूद थे.

### बाल अधिकार को लेकर स्टेकहोल्डर्स की बैठक

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत भवन में बाल अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहयोगिनी संस्था की ओर से स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता स्थानीय उप मुखिया मासूम अली रजा ने की. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने गर्री पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने और बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने पर जोर दिया. उप मुखिया मासूम अली रजा ने बताया कि बाल संरक्षण और बाल विवाह को रोकने के लिए सबसे पहले गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करना होगा. उन्होंने कहा कि जब लोग जागरूक होंगे, तो वे समाज के हित में सोचेंगे, जिससे बाल संरक्षण के साथ-साथ बाल विवाह पर भी रोक लगेगी. सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने समाज के लोगों को बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल मजदूर और बाल श्रम आदि की विस्तृत जानकारी दी. इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए माता-पिता को आगे आना होगा और गांव से ही इस तरह की कुरीतियों को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान चलाना होगा. बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मंईयां सम्मान योजना, छात्रवृत्ति की समस्या, सावित्रीबाई फुले योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई.

### समान काम का समान दाम देना होगा : राजेंद्र सिंह

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन एवं कोक-केमिकल्स विभाग के कैंटीन नंबर 1 रेस्ट रूम में प्रबंधन की तानाशाही और मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (हिन्द मजदूर सभा) की एक विशाल बैठक हुई. मीटिंग को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज सर्वोच्च उत्पादन के बावजूद प्रबंधन के नकारात्मक रवैये के कारण उत्पादन करने वाले मजदूरों के हाथ खाली हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी उत्पादन का सारा श्रेय स्वयं लेकर पीआरपी (परफॉर्मेंस रिलेटेड पे) का मजा ले रहे हैं. सिंह ने बताया कि मंगलवार को उप श्रमायुक्त केंद्रीय, धनबाद के समक्ष हुई मीटिंग में ठेका मजदूरों के ग्रेच्युटी और स्किल्ड मजदूरों के ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) पर भी चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि अगली मीटिंग 23 जुलाई को होगी. सिंह ने चेतावनी दी कि जब तक मजदूरों को न्याय और हक नहीं मिल जाता, तब तक न तो हमारा आंदोलन रुकेगा और न ही अधिकारियों को चैन से बैठने देंगे. उन्होंने कहा कि नाइट शिफ्ट अलाउंस, ग्रेच्युटी, ईएसआईसी जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही है और मिनिमम वेज (न्यूनतम मजदूरी) में भी छीना-झपटी हो रही है, जिसका मतलब है कि शोषण चरम पर है.

# गिर रहा प्लास्टर, दिख रही छड़ें, बच्चों की जान जोखिम में

## बरवाअड्डा रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का बुरा हाल





**शुभम संदेश। धनबाद**

एक ओर जहां स्कूली शिक्षा और सुविधा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं की जाती हैं. शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं. वहीं दूसरी ओर बरवाअड्डा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है. स्कूल में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है. प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है लेकिन स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है. ऐसे में बच्चे जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को विवश हैं. छत की दीवारों व फर्श में जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ रहा है. जर्जर भवन के कारण दुर्घटना की आशंका लगी रहती है. बरसात में दीवारों में सीलन हो जाती है. शहर के धनबाद-बरवाअड्डा रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय संचालित है. विद्यालय में कुल 123 बच्चे अध्ययनरत हैं. लेकिन विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है. इस कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं. विद्यालय का भवन इतना अधिक जर्जर हो गया है कि कभी भी पूरा भवन या कुछ हिस्सा गिर सकता है और बड़ी अनहोनी हो सकती है. इस बात की जानकारी विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय मुखिया ने कई बार जिला प्रशासन को दी है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण विद्यालय की आज तक न मरम्मत करायी गई और न ही नया भवन बनाने की पहल की गई है.

### कभी भी धराशायी हो सकती है स्कूल बिल्डिंग

हेडमास्टर और टीचर से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि स्कूल भवन खण्डहर में तब्दील होती जा रही है. भवन अत्यंत ही जर्जर हो गया है, यहां पर पढ़ाई कर रहे छोटे-छोटे बच्चे बरसात में भी पेड़ के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं. यह भवन कभी भी धराशायी हो सकता है, भवन का प्लास्टर उखड़ कर पूरा गिर गया है, सरिया और छड़ पूरा दिख रहा है, वहीं छत गिरने के कगार पर है. शिक्षा विभाग के अलावा जिला कलेक्टर को मामले के बारे में अवगत कराया जा चुका है. इसके बावजूद भी पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करते बच्चों के लिए आज तक नए भवन का निर्माण नहीं हो सका है. यहां पर मध्यवर्गीय परिवार के बच्चे दूसरे जगह जाकर पढ़ रहे हैं लेकिन गरीब परिवार के बच्चे दूसरे स्कूल नहीं जा पाने के कारण मजबूरी में यहीं पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. राजकीय मध्य विद्यालय शहर से दूर है. यहां अधिकतर गरीब परिवार के बच्चे ही पढ़ाई करने के लिए पहुंचते हैं. छात्रों का भी कहना है कि शौचालय भी बेहद खराब है.

## बोनाफाइड के नाम पर गरीब छात्रों से पैसों की वसूली बंद हो : आजसू



**शुभम संदेश। धनबाद**

आजसू छात्र संघ के पीके रॉय महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ कविता सिंह से बोनाफाइट प्रमाण पत्र शुल्क न्यूनतम करने की मांग की. विक्की कुमार ने बताया कि इससे पहले बोनाफाइट शुल्क मात्र 10 रुपया था. जिसमें बढ़ोतरी कर वर्तमान में 100 रुपया कर दिया गया है. बोनाफाइट छात्र छात्रवृति के लिए लेते हैं, ऐसे छात्र लेते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं. बोनाफाइड शुल्क बढ़ोतरी होने के कारण छात्र-छात्रा बोनाफाइट लेने से वंचित हो रहे हैं. महाविद्यालय में भारी संख्या में ऐसे छात्र-छात्रा हैं जो अपनी पढ़ाई छात्रवृति के माध्यम से पूरी करते हैं. छात्रवृति ओबीसी-एससी-एसटी वर्ग के छात्र लेते हैं, जो कि आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं. महाविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार ने प्राचार्य महोदया से अनुरोध कर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए शुल्क में की गई बढ़ोतरी को न्यूनतम करने का निवेदन किया. साथ ही में कहा कि मांग नहीं मानी गई तो आजसू छात्र संघ आंदोलन के लिए विवश होगा. पूरे मामले को प्राचार्य महोदया ने गंभीर पूर्वक सुनने के पश्चात् बोनाफाइट शुल्क को अति शीघ्र न्यूनतम करने का आश्वासन दिया. भोला पासवान, आकाश पांडे, विकाश महतो, रबी रवानी, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे.

## चुनाव कमेटी ने लिया प्रभार

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन में वर्ष 2025- 2027 के लिए होने वाले चुनाव के मध्य नजर झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने चुनाव कमेटी की घोषणा कर दी है. झारखंड स्टेट बर काउंसिल के सेक्रेटरी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह ने पत्र भेजकर वरीय अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद उर्फ मुनमुन बाबू कामदेव शर्मा तथा सत्य प्रकाश सिंह को चुनाव कमेटी के रूप में चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी है. वहीं झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य परमेश्वर मंडल एवं संजय कुमार विद्रोही को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है. चुनाव कमेटी तथा पर्यवेक्षकों को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान करने का जिम्मा दिया गया है. नवनियुक्त चुनाव कमेटी ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया एवं आवश्यक बैठक की. चुनाव कमेटी ने 15 जुलाई तक अधिवक्ताओं को सदस्यता शुल्क जमा करने की तिथि निर्धारित की है ताकि मतदाता सूची में सदस्यता शुल्क जमा करने वाले अधिवक्ताओं का नाम जोड़ा जा सके.

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में खेल प्रतिभाओं को पुरस्कार




**शुभम संदेश। चिरकुंडा**

स्वामी विवेकानंद स्कूल, चिरकुंडा में मंगलवार को आयोजित समारोह में खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में जेसीआई चिरकुंडा-बराकर की अध्यक्ष प्रिया गढ़याण एवं अभिषेक गढ़याण ने स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा आसना यादव और छात्र मनमोहन ठाकुर को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल भेंट कीं. छात्रा स्निग्धा चक्रवर्ती को जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए मीडिया समूह की ओर से 1000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई. पुरस्कार वितरण के दौरान जेसीआई अध्यक्ष ने विद्यालय के स्वच्छ और अनुशासित वातावरण की सराहना की और कहा कि ऐसे माहौल में बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है.

समारोह के अंत में विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार सिंह ने जेसीआई की अध्यक्ष एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया.

## न्यूज अपडेट

### कल्याण पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्या

**धनबाद।** मंगलवार को प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने जनता दरबार का आयोजन कर गोविंदपुर, टुंडी, निरसा, कोलाकुसमा, पांडरपाला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी.

जनता दरबार में मकान खरीदने के बाद उसका कब्जा नहीं देने, राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर स्थित जमीन पर अवैध कब्जा करने, अबुआ आवास की द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं होने, तालाब के पानी निकासी को जबरन अवरुद्ध कर तालाब के पानी को प्रदूषित करने, भू-माफिया द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने, बायपास रोड पांडरपाला में नाली एवं सड़क का निर्माण करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई. प्रभारी कल्याण पदाधिकारी ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित किया.

### नीरज हत्याकांड में तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद कुमार को बुलाने की मांग

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में आरोपी रणधीर धनंजय सिंह ने मंगलवार को अदालत में आवेदन देकर सरायढेला थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद कुमार को गवाही के लिए अदालत में बुलाने की प्रार्थना की है. एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में अभियोजन साक्ष्य फिर से खोलकर थाना प्रभारी अरविंद कुमार की गवाही करने की प्रार्थना की है. अदालत को दिए गए आवेदन में रणधीर धनंजय सिंह ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिसका उत्तर जानना न्यायहित में जरूरी बताया है. आरोपी के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने अदालत को बताया कि नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या सरायढेला थाना क्षेत्र में 21 मार्च 2017 को हुई थी और उसी दिन 6:45 बजे थाना प्रभारी को गोली चलने की सूचना मिली थी. जिसका उन्होंने स्टेशन डायरी एंट्री कर घटनास्थल पहुंचे. थाना प्रभारी के निर्देश पर ही जब्ती सूची तैयार की गई. एफएसएल की टीम ने उन्हीं के नेतृत्व में घटनास्थल का दौरा किया, गोली लगी गाड़ी की जांच की थी.थाना प्रभारी के रहते इनक्विेस्ट लेटर तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया, मृतकों के कपड़े जप्त किए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त किया गया.घटनास्थल से गोली तथा खोखा की बरामदगी हुई थी. थाना प्रभारी अरविंद कुमार ही वह व्यक्ति हैं जो बता सकते हैं कि 21 मार्च 2017 से 23 मार्च 2017 तक इस मामले में किन-किन लोगों का बयान हुआ, क्या कार्रवाई हुई तथा उनके रहते दूसरे थाना के प्रभारी को यहां क्यों पदस्थापित किया गया. दो दिनों के बाद प्राथमिकी क्यों दर्ज हुई, केंद्रीय अस्पताल में किसने हंगामा किया. थाना प्रभारी अरविंद कुमार के साथ अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी ने गुरुकृपा से मोटरसाइकिल जप्त की थी. थाना प्रभारी अरविंद कुमार इस मामले में एक महत्वपूर्ण गवाह हैं परंतु अनुसंधानकर्ता ने आरोप पत्र में इन्हें ना तो गवाह बनाया ना ही डायरी में उनकी गवाही अंकित की गई. जबकि घटना के दिन अरविंद कुमार द्वारा ही पूरे जिले में सर्च एवं नाकेबंदी कराई गई थी. अरविंद कुमार ही बता सकते हैं कि घटनास्थल से गाड़ी को थाना किसने लाया था. इन सारे सवालात के जवाब न्याय हित में जरूरी है, इसलिए खाना प्रभारी अरविंद कुमार को गवाही के लिए अदालत बुलाया जाए. अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है.

### विधायक राज ने दिव्यांग को दिया स्कूटी

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने सुदामडीह कॉलोनी, करकेंद निवासी दिव्यांग राकेश सिंह को विधायक निधि से स्कूटी प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया. यह पहल दिव्यांगजनों को गतिशीलता, आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास है. विधायक ने इसे समाज की प्रगति और समान अवसरों का प्रतीक बताया, जो प्रधानमंत्री के 'दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभियान' से प्रेरित है. कार्यक्रम में कई कार्यकर्ताओं ने इसे सबका साथ, सबका विकास की भावना का उदाहरण माना. मौके पर मुख्य रूप से आनंद खंडेवाल, निर्मल प्रधान, मनोज मालाकार, बालमुकुंद राम, अजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, नन्द किशोर पाण्डेय, राजेश यादव, टीटू सिंह, टुन्नु यादव, प्रमोद मित्तल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### बाउंड्री वॉल के विवाद में दंपति की पिटाई

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू सुगियाडीह में देर रात बाउंड्री वॉल को लेकर स्थानीय लोगों ने एक दंपति के साथ जमकर मारपीट की. न्यू सुगियाडीह निवासी रंजीत कुमार और उनकी पत्नी बालिका देवी के साथ घटना हुई है. मामले में हवाई फायरिंग का भी आरोप है. गंभीर रूप से घायल बालिका देवी ने बताया कि देर रात स्थानीय लोग हथियार से लैश होकर उनके घर पहुंचकर बाउंड्री तोड़ने लगे थे. जिसका विरोध करने पर युवकों द्वारा मारपीट की गई है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि विनोद दास उनसे 5 हजार रुपए रंगदारी मांग रहा था, नहीं देने पर मारपीट की गई है. बालिका का इलाज अस्पताल में चल रहा है.



### माकपा, सीटू ने निकाला जुलूस

**बराकर।** 9 जुलाई को भारत बंद को सफल बनाने के लिए माकपा और सीटू की ओर से बराकर में विशाल जुलूस निकाला गया. जुलूस का आयोजन कुल्टी जोन माकपा-सीटू की ओर से किया गया, जो बराकर बस स्टैंड से शुरू होकर बराकर स्टेशन तक गया. जुलूस का नेतृत्व माकपा के वरिष्ठ नेता और सीटू सेंट्रल कमेटी के सदस्य सुजीत भट्टाचार्य ने किया. इस अवसर पर डीवाईएफआई की राज्य कमेटी के सदस्य बिनोद सिंह, माकपा कुल्टी जोनल कमेटी के राधा गोविंद राय, बराकर मोटिया मजदूर यूनियन के महेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में मजदूर, कार्यकर्ता और डीवाइएफआई के सदस्य उपस्थित थे. जुलूस में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर आम जनता, व्यापारियों, मजदूरों, रिक्शा और ऑटो चालकों से इस हड़ताल को सफल बनाने की अपील की. समर्थकों ने जोर देकर कहा कि श्रमिक हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए यह हड़ताल आवश्यक है. जुलूस के माध्यम से लोगों को बंद के महत्व और सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया.

## सुभाष चंद्र बोस के लापता होने का रहस्य उजागर हो : फाब्ला

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



पुरुलिया के पूर्व सांसद चित्त महतो की पुण्यतिथि के अवसर पर फारवर्ड ब्लॉक की ओर से सोमवार को झालदा में "नेताजी लापता होने की जांच पर ताइवान रिपोर्ट" शीर्षक से विशेष चर्चा बैठक आयोजित की गई. बैठक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर शोध करने वाले प्रख्यात सौमब्रत दासगुप्ता और सैकत नियोगी ने अपने विचार रखे. हाल ही में इन दोनों शोधकर्ताओं की पहल पर लंदन स्थित एडम मैथिक आर्काइव से ताइवान सरकार की 1956 की एक गुप्त जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई. इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 18 अगस्त 1945 को ताइपे में हुई तथाकथित विमान दुर्घटना का कोई सबूत नहीं है. तत्कालीन भारत सरकार द्वारा बताए गए गवाह ही जांच के दौरान पाए गए हैं - कुछ मृत, कुछ विमान दुर्घटना से पूरी तरह अनजान. मनोज मुखर्जी आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में यही टिप्पणी की थी - नेताजी की मृत्यु तथाकथित विमान दुर्घटना में नहीं हुई थी. फिर भी कांग्रेस सरकार ने रिपोर्ट जब्त कर ली, जो एक अलोकतांत्रिक कदम था. कानूनी तौर पर भारत सरकार को उस समय ताइवान सरकार की रिपोर्ट जब्त करने का अधिकार नहीं था. ताइवान की यह रिपोर्ट नेताजी की मृत्यु के बारे में लंबे समय से चल रहे उन दावों का पूरी तरह खंडन करती है, जिनमें उनके परिवार का एक वर्ग भी शामिल रहा है. मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट, जिसे कांग्रेस सरकार की कार्रवाई रिपोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था, को ताइवान रिपोर्ट के आलोक में संसद में पुनः प्रस्तुत किया जाना चाहिए. 18 अगस्त 1945 के बाद नेताजी की गतिविधियों और ठिकानों की जांच के लिए एक नया जांच आयोग गठित किया जाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि नेताजी के लापता होने के रहस्य को उजागर करने के लिए फॉरवर्ड ब्लॉक लंबे समय से अभियान चला रहा है. उन्होंने अपनी पहल पर देशव्यापी नेताजी चेतना यात्रा का आयोजन किया था.

उस मांग का सम्मान करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने न्यायमूर्ति मनोज मुखर्जी की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया था. बैठक में वक्ताओं ने याद दिलाया कि नेताजी के अनुयायियों का संघर्ष एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक तब तक जारी रहेगा जब तक कि सच्चाई सामने नहीं आ जाती.

### टीएमसी ने किया बंदी का विरोध

**रानीगंज।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बल्लभपुर इलाके में तृणमूल कांग्रेस की ग्राम इकाई की ओर से विरोध सभा का आयोजन किया गया. सभा में 10 जुलाई को भाकपा-माकपा द्वारा आहूत बंगाल बंद का विरोध किया गया. सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीण टीएमसी के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवदास ने कहा कि राज्य में जब से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हड़ताल और बंद की संस्कृति को रोका गया है. उन्होंने कहा कि हड़तालों से राज्य की जनता को केवल नुकसान होता है. हम हड़तालों का समर्थन नहीं करते. भाकपा-माकपा की राजनीति केवल हड़तालों और विरोधों पर टिकी रही है.टीएमसी इस संस्कृति को समाप्त कर राज्य को विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है. पंचायत प्रधान सिद्धांत मंडल ने कहा कि बंद के दिन सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण ढंग से दुकान, बाजार, उद्योग-धंधों को खुला रखने का प्रयास करेंगे. ज्ञात हो कि भाकपा-माकपा ने 10 जुलाई को केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में 24 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है.

## मालती बनी गांव की उम्मीद, घर को स्कूल बना जगा रही शिक्षा का अलख



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के अयोध्या हिल्स में स्थित एक दूरदराज़ गांव जिलिंग सेरेंग, जो हिलटॉप से करीब 25 किलोमीटर दूर है, वहाँ की एक गृहिणी मालती मुर्मू ने शिक्षा की मिसाल पेश की है. साल 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान जब बच्चों ने पढ़ाई से नाता तोड़ लिया था, तब मालती मुर्मू ने अपने घर को ही स्कूल में बदल दिया. आज वे न सिर्फ अपने दो महीने के बच्चे की देखभाल कर रही हैं, बल्कि गांव के लगभग 60 बच्चों को भी निःशुल्क शिक्षा दे रही हैं. गांव की भौगोलिक दुर्गमता और स्कूली सुविधाओं की कमी के कारण अधिकांश बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते. ऐसे में मालती दीदीमुनी (स्थानीय लोग उन्हें इसी नाम से जानते हैं) ने यह बीड़ा उठाया. शुरुआत में उन्हें अपने पति का विरोध झेलना पड़ा, लेकिन मालती की दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण को देखकर उनके पति भी उनके साथ खड़े हो गए और उनका साथ देने लगे. मालती मुर्मू आज सिर्फ अपने गांव की प्रेरणा नहीं, बल्कि देशभर के लिए एक आदर्श बन चुकी हैं. उनका कार्य यह दिखाता है कि समर्पण और सेवा-भावना से किसी भी कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है.

## नियामतपुर में होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर का आयोजन



**शुभम संदेश। नियामतपुर**

आसनसोल नगर निगम की ओर से कुल्टी के तीन बोरो आठ, नो, दस के लिए नियामतपुर अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर कैंप का आयोजन किया गया. नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की सहयोगिता से आयोजित इस तीन दिवसीय होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर में पूरे कुल्टी क्षेत्र के व्यवसाई ओर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया. कैंप के प्रारंभ को लेकर नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सचिन बालोदिया ने कहा कि नगर निगम के मेयर द्वारा सभी चेंबर को बताया गया कि रेवेन्यू अर्जन के साथ आम लोगों के बकाया होल्डिंग टैक्स ओर ट्रेड लाइसेंस को लेकर अपने क्षेत्र में कैंप का आयोजन किया जाए. इसको लेकर ने कैंप का आयोजन किया, जिससे आम लोगों को टैक्स जमा करने के साथ सरकार को रेवेन्यू मिले. लोगों के समय रहते हुए इससे कुछ लाभ भी मिले, जहां कैंप में दो वित्तीय वर्ष 24 ओर 25 , 25 ओर 26 होल्डिंग टैक्स पर दस प्रतिशत की छूट दी गई है. वही ट्रेड लाइसेंस एक वर्ष, दो वर्ष ओर पांच वर्ष के रिन्यूअल की सुविधा की गई. प्रथम दिन शिविर से लगभग 3.5 लाख रुपये एकत्र किए गए. मौके पर आसनसोल नगर निगम के पार्षद जाकिर हुसैन, प्रभात बनर्जी, कर प्रभारी, एएमसी, अबू हेना, बेनी माधव चटर्जी, पंकज सरकार, सूर्यसारथी मुखर्जी, देबासिस रॉय उपस्थित रहे. नियामतपुर मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से महेंद्र संघई, अध्यक्ष, सचिन बलोदिया, सचिव, राजेश डोकानिया, कोषाध्यक्ष, प्रकाश डोकानिया, आयोजन सचिव, दिनेश पिलानीवाला, संजय दास, राहुल अग्रवाल, योगेश पटेल, आशीष घीडिया, संजय बंसल, विशाल शर्मा, बापी बनर्जी उपस्थित थे.

## सेल-इस्को में वन महोत्सव का आयोजन

### प्रकृति और उद्योग के बीच संतुलन आवश्यक : दीपतेंदु घोष

**शुभम संदेश। बर्नपुर**

सेल-इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) में 4 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाला वन महोत्सव पूरे उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न विभागों और कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी को मजबूत किया. वन महोत्सव का उद्देश्य देशवासियों को पेड़ों के महत्व और वनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखा जा सके और आने वाली पीढ़ियों को एक हरा-भरा भविष्य मिल सके. मंगलवार को बर्नपुर बॉयज स्कूल ग्राउंड में भी पौधरोपण किया गया. इससे पूर्व 4 जुलाई को निदेशक प्रभारी कार्यालय परिसर में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) दीपतेंदु घोष, कार्यपालक निदेशक (प्रोजेक्ट्स) सुरजीत मिश्रा, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) अरूप मुखर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभारी उमेंद्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. सुशांत सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) अशोक कुमार मिश्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा में अपनी सहभागिता को सशक्त किया. इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कर्मचारियों और आमजनों से अपील की कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका संरक्षण कर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है. 5 जुलाई को कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) कार्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में भी वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) दीपतेंदु घोष, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) प्रभारी एसआर दास सहित अन्य अधिकारियों ने पौधे लगाए.आईएसपी प्रबंधन ने इस अवसर पर संदेश दिया कि प्रकृति और उद्योग के बीच संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी. पौधारोपण के ऐसे कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में हरित चेतना के प्रचार का माध्यम भी बनते हैं.




BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, Gita Kumari, W/o. Naresh Prasad, aged about 31 years, by faith Hindu, by occupation House wife, resident of Hatiyat P.C. Gomoh, P.S. Hariharpur Gomoh, Dist. Dhanbad, Jharkhand do hereby solemnly affirm on oath and declare as under :-

1. That, my true and correct name is GITA KUMARI which has been recorded in my Aadhaar Card and Pan Card vide Aadhaar No. 8063 1712 9811, and Pa, No. EEPPK3263C.
2. That, I am an Account holder in Bank of India, Gomoh branch vide A/c. No. 473418210007283 in which my name has been muntioned as Gita Devi.
3. That, Gita Kumari and Gita Devi both are one and the same lady 1. a. myself.
4. That, I am affixing my photograph herewith for proper identificntion.
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned for ructification my name : Gita Kunari in place of Gita Devi and for needful.

ENRI No. 846/02 Dt. 05.08.24

